भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
मिनिरत्न श्रेणी-I, सीपीएसई
*( भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन )*
**Security Printing and Minting Corporation of India Limited**
Miniratna Category-I, CPSE
*(Wholly owned by Government of India)*

**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**Chairman & Managing Director**

## संदेश

प्रिय साथियों,

### हिंदी दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ।

हिंदी हमारी पहचान है, हमारी चेतना है और हमारे कामकाज को दिशा देने वाला सबसे सशक्त माध्यम है। यह केवल संस्कृति और परंपरा का वाहक नहीं, बल्कि बदलते समय की गति के साथ स्वयं को ढ़ालने वाली भाषा है। जब पूरी दुनिया आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में आगे बढ़ रही है, तब हमारे लिए यह आवश्यक है कि हिंदी को केवल परंपरा की धरोहर न मानकर इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी और प्रबंधकीय प्रक्रियाओं की भाषा बनाएँ।

एसपीएमसीआईएल अपने संप्रभु उत्पादों जैसे प्रतिभूति मुद्रण, बैंक नोट, सिक्के, पासपोर्ट, डाक टिकट और मूल्यवान दस्तावेजों के माध्यम से न केवल राष्ट्र की आर्थिक संरचना को सशक्त बनाता है, बल्कि नागरिकों के विश्वास और सुरक्षा का भी संवाहक है। इन अत्याधुनिक क्षेत्रों में जब हम राजभाषा हिंदी को अपनाते हैं, तो यह हमारे कार्य को पारदर्शिता, समयबद्धता, गुणवत्ता और उत्तरदायित्व की नई ऊँचाइयों तक ले जाती है।

विगत वर्षों में हमारी इकाइयों को प्राप्त ***"राजभाषा क्षेत्रीय पुरस्कार"*** इस तथ्य के प्रमाण हैं कि यदि संकल्प और समर्पण हो तो हिंदी आधुनिक तकनीकी और प्रबंधकीय प्रक्रियाओं में भी सफलता की भाषा बन सकती है।

आज इस अवसर पर हमें यह संकल्प लेना है कि हम हिंदी को केवल सरकारी अनिवार्यता न मानकर अपनी कार्यसंस्कृति में शामिल करेंगे। निर्णयों में विलंब या असमय निर्णय संगठन की प्रगति को प्रभावित करते हैं। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक निर्णय समय पर, पारदर्शिता और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो, ताकि निगम की कार्यक्षमता और भविष्य दोनों सुरक्षित रहें।

आइये, इसी सकारात्मक ऊर्जा और आत्मीयता के साथ हम हिंदी दिवस 2025 को हर्ष, गर्व और एकता के साथ मिलकर मनाएँ।

**(विजय रंजन सिंह)**

14.09.2025

तृतीय तल, टावर–जी, विश्व व्यापार केंद्र, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029
**3rd Floor, Tower G, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi-110029**
फोन./Tel.: +91-11-23701220, 43582220 ई–मेल/E-mail : cmd@spmcil.com
वैब./Web.: www.spmcil.com CIN : U22213DL2006GOI144763

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए